राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान
National Innovation Foundation - India
Autonomous Institute of the Department of Science & Technology, Govt. of India

# पूर्व सूचित सहमति प्रपत्र

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (रानप्र) – भारत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग,भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान, जमीनी स्तर के तकनीकी नवाचारों और उत्कृष्ट पारंपरिक ज्ञान को सुदृढ़ करने की भारत की राष्ट्रीय पहल है। रानप्र के साथ साझा किए गए नवाचारों/पारंपरिक ज्ञान के संबंध में सभी नवप्रवर्तकों/ज्ञान प्रदाताओं से लिखित सहमति प्राप्त करने का प्रयास करता है, तथा प्रदान की गई जानकारी की गोपनीयता का आश्वासन देता है। किसी नवाचार/पारंपरिक ज्ञान प्रथा का संपूर्ण तकनीकी विवरण प्राप्त होने पर, रानप्र साझा किए गए नवाचारों और/या पारंपरिक ज्ञान में नवीनता निर्धारित करने के लिए विस्तृत पूर्व-कला-खोज करता है। केवल वे ही नवाचार/पारंपरिक ज्ञान प्रथाएं सत्यापन/मूल्यवर्धन/पेटेंट संरक्षण के लिए आगे बढ़ती हैं, जिनमें कम से कम कुछ पहलुओं में नवीनता या विशिष्टता होती है। यदि कोई नवाचार/सत्यापित पारंपरिक ज्ञान प्रथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/व्यावसायीकरण के चरण तक पहुँचती है, तो रानप्र नवप्रवर्तक/ज्ञान धारक के साथ विचार-विमर्श करके समझौते की शर्तों को अंतिम रूप देता है, तथा उनके साथ लाभ साझाकरण सुनिश्चित करता है। जो नवाचार/पारंपरिक ज्ञान प्रथाएं पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं, उन पर कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की जाती है और नवप्रवर्तक/ज्ञान धारक को तदनुसार सूचित कर दिया जाता है।

| नवप्रवर्तक/ज्ञान धारक/किसान का नाम | | पता | | ज्ञान का स्रोत (स्वयं / परिवार / समुदाय / अन्य) | क्या आपका पता साझा किया जा सकता है? हाँ/नहीं | क्या हम सत्यापन / मूल्यवर्धन / बौद्धिक संपदा प्रबंधन कर सकते हैं? हाँ/नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | रानप्र के साथ साझा किए गए नवाचार / फसल किस्म / कृषि पद्धति / पारंपरिक ज्ञान का शीर्षक | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**घोषणा:** मैंने इस पूर्व सूचित सहमति फॉर्म को ध्यान से पढ़ा है और नवाचारों/पारंपरिक ज्ञान पद्धतियों के प्रस्तुतीकरण के मूल्यांकन में रानप्र द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को समझ लिया है और यह भी समझ लिया है कि नवाचारों/पारंपरिक ज्ञान पद्धतियों को कब आगे बढ़ाया जाएगा और कब नहीं। इसे समझने के बाद, मैंने स्वेच्छा से उपरोक्त नवाचार (नवाचारों) और/या पारंपरिक ज्ञान पद्धति (पद्धतियों) को रानप्र के साथ साझा करने का निर्णय लिया है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि रानप्र के साथ साझा किया गया कोई भी नवाचार/पारंपरिक ज्ञान पद्धति पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है, तो अनुसंधान, प्रकाशन, प्रसार या किसी अन्य पर कोई प्रतिबंध लागू नहीं होगा। मैं रानप्र को यह भी विश्वास दिलाता/दिलाती हूँ कि यहाँ दी गई सभी जानकारी मेरी/हमारी जानकारी, समझ और विश्वास के अनुसार सत्य है।

हस्ताक्षर और दिनांक

हस्ताक्षर और दिनांक

नवाचारक / ज्ञान धारक / किसान का नाम

स्काउट का नाम

**राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत, ग्रामभारती, अमरापुर, गांधीनगर-महुडी रोड, गांधीनगर, गुजरात**-382650
**फोन**: 02764-261131, 32, 34, 35, 36, 38, 39. ईमेल: campaign@nifindia.org, वेबसाइट: www.nif.org.in